

नवभारत
भोपाल, शुक्रवार, 11 जुलाई, 2025

# शहर सहित अंचल में दरबारों में लगा भक्तों का मेला

## गुरु चरणों में माथा टेककर लिया आशीर्वाद, आस्था व्यक्त करने पहुंचे हजारों शिष्य

**नवभारत न्यूज**

**रायसेन, 10 जुलाई. भारतीय शास्त्रों में ईश्वर से बड़ा स्थान गुरु को दिया है. इसी परम्परा और आस्था को लेकर शहर में गुरू की महिमा अनंत गुरुमार्ग दिखावन हार मानकर गुरु पूर्णिमा महोत्सव आस्था और विश्वास के साथ मनाया गया. शहर के मुखर्जी नगर स्थित स्वामी शुभम तीर्थ आश्रम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया इस अवसर पर आसपास सहित अन्य जिलों से उनके भक्त शिष्य पहुंचे गुरु की पादुका पूजन करके आशीर्वाद लिया. गुरु स्वामी निजानंद तीर्थ महाराज ने अपने शिष्यों को आशीर्वाद देते हुए जीवन में तरक्की करने की बात कही. शिष्यों ने परिवार सहित पहुंचकर आश्रम में गुरु की चरण पादुका पूजन कर माथा टेका.**





इस मौके पर शहर ही नहीं बल्कि निश्चानन्द महाराज का आशीर्वाद लेने ग्रामीण क्षेत्रों से भी भक्तों पहुंचे. शिष्यों द्वारा स्वामी शिवोम तीर्थ आश्रम मुखर्जी नगर पहुंचकर आशीर्वाद लिया. मंदिरों देवालयों सहित विद्यालयों में गुरुपूर्णिमा पर गुरु महिमा का गान किया गया. आस्था के साथ गुरुओं का सम्मान किया गया. गुरुवार को शहर के देवालयों सहित आश्रमों में गुरुपूर्णिमा उत्सव की धूम रही. हर मंदिर में विशेष गुरु पूजन सहित भंडारों का आयोजन किया गया. जिसमें हजारों लोगों ने प्रसादी को ग्रहण किया. भक्तों का जमावड़ा उमड़ा. स्थानीय सहित बाहर से आए शिष्यों ने गुरु का आशीर्वाद लिया. इस दौरान भजन कीर्तन सहित भंडारे का भी आयोजन किया गया.

**ध्यान कर शुरू करना चाहिए बड़े कार्य:** किवदंती है कि महर्षि वेद व्यास ने गांधारी को दिया 100 पुत्रों की माता होने का वरदान. द्वापर आषाढ़ मास की पूर्णिमा को गुरुवर वेदव्यास का जन्म हुआ था. इसी कारण ये तिथि गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाई जाती है.

### गुरु के उपकार अनंत होते हैं, उपकार को शब्दों में नहीं तोलें- मुनि साक्ष्य सागर



**सिलवानी 10 जुलाई.** गुरु के द्वारा दिया गया ज्ञान जीवन की सफलता का आधार होता है, जिसके जीवन में गुरु नही होता उसका जीवन कभी भी शुरु नहीं हो सकता, ना ही सफलता प्राप्त हो सकती है, प्रत्यक जीव के जीवन में गुरु होना आवश्यक है. उक्ताशय के उद्गार रामकथा वाचक मुनि साक्ष्य सागर महाराज ने व्यक्त किए. वह पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में गुरुवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबेधित कर रहे थे.

### गुरु एक कुम्हार की तरह, जो कूट-पीटकर बनाता है घड़ा

सिलवानी, 10 जुलाई. वीर शिवाजी शिक्षण समिति द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरुवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया. जहां विद्यालय परिवार को सम्मानित किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के सामने प्रज्वलन कर किया गया. यहां पर अतिथि परिचय विद्यालय के प्राचार्य मयंक लाहौरी द्वारा किया गया. अतिथि स्वागत विद्यालय के आचार्य आशीष श्रीवास्तव, लीलाराम प्रजापति, संतोष कुमार द्वारा किया गया, समिति सदस्य सुरेंद्र रघुवंशी द्वारा उद्बोधन दिया गया. गुरुर ब्रह्मा, गुरुर विष्णु, गुरुर देवो महेश्वरा, गुरु साक्षात पर ब्रम्ह तस्मै श्री गुरुवे नमः. सुरेंद्र रघुवंशी द्वारा गुरु की महिमाये का वर्णन किया गया. उन्होंने बताया कि गुरु एक कुम्हार की तरह है जो घड़े को बनाने के लिए उसको कूटता पीटता है, लेकिन उसको अपने हाथ से सहारा दिए रहता है इसी तरह गुरु भी है जो अपने शिष्यों को ज्ञान देने के लिए उनको डांटता भी है इसलिए हमेशा अपने गुरुओं का सम्मान करना जरूरी है. इस अवसर पर वीर शिवाजी शिक्षण समिति के अध्यक्ष अरुण जैन, उपाध्यक्ष आनंद ठाकुर, सचिव अशोक शुक्ला, सहसचिव सीताराम साहू, कोषाध्यक्ष ज्ञायक जैन उपस्थित रहे

### महाविद्यालय में गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया



**बेगमगंज, 10 जुलाई.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत गुरु पूर्णिमा पर्व प्राचार्य कल्पना जाम्भुललकर के निर्देशन में मनाया गया एवं कार्यक्रम संयोजक भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी दीपांशु मिश्रा रहे. कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. कादम्बिनी मिश्रा ने किया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित व्याख्याता प्रदीप सोनी शून्य, विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त व्याख्याता अशोक शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि मंडी निरीक्षक बीडी साहू उपस्थित रहे.

# कोहनियां डेम की पिचिंग फूटने से खेतों में भरा पानी

## दर्जनों किसानों की तीन प्रकार की फसल हुई बर्बाद

**नवभारत न्यूज**

**बेगमगंज, 10 जुलाई. ग्राम कोहनियां एवं मूड़ला चावल के किसानों की 450 हेक्टेयर असिंचित भूमि को सिंचित करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा जलसंसाधन विभाग के माध्यम से करीब 14 करोड़ की लागत से डेम का निर्माण हाल ही में कराया गया था. आज उसकी एक तरफ की पिचिंग (पार) टूटने से किसानों के खेतों में पानी भरने के कारण सोयाबीन, उड़द एवं मक्का की बुआई गई फसलें बर्बाद हो गई. खेतों में पानी के तेज वहाब के कारण बड़े-बड़े गहरे कटाव होने से खेत बर्बाद हो गए हैं.**



आज कोहनियां गांव के किसानों पर लापरवाह ठेकेदार एवं सिंचाई विभाग का कहर टूटा है. जिससे किसानों में आक्रोश है.

अपनी बर्बाद फसलों का ब्यौरा देते हुए राहुल भायजी ने बताया कि डेम का निर्माण अभी हाल ही में 2024 में पूरा हुआ है और इसकी नहरें कोहनियां, मूड़ला चावल गांवों समेत आसपास के किसानों की भूमि अधिग्रहित करके करीब 450 हेक्टेयर से ऊपर भूमि सिंचित किए जाने के लिए इसे बनाया गया है, लेकिन उसकी चारों ओर बनाई गई पिचिंग (पार)का धरातल मजबूत नहीं बनाए जाने से आज एक तरफ से डेम की पिचिंग टूट गई और तीन बड़े किसानों के खेतों में पानी भरने एवं खेतों की मिट्टी का कटाव होने से सोयाबीन, उड़द एवं मक्का की खड़ी फसल बर्बाद हो गई है.

# पंचायत को हरियाली की राह पर ले जा रहे हैं सरपंच

**बेगमगंज, 10 जुलाई.** ग्राम पंचायत महगवां के सरपंच गजेन्द्र सिंह ठाकुर ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में देवस्थान भूमि, श्मशान भूमि एवं विभिन्न सहयोगी लोगों के खेत की मेढ़ों पर विभिन्न प्रजाति के फल एवं छायादार पौधों का बड़े स्तर पर रोपण करके मिसाल कायम की है.

सरपंच का संकल्प कि उनकी पंचायत के सभी गांवों को हरा-भरा बनाने के संकल्प के साथ उन्होंने 300 से अधिक पौधे रोपित किए हैं ,जिनमें आम, जामुन, मुनगा, नीम, जंगली इमली और पीपल जैसे छायादार, फलदार एवं औषधीय पौधों को ग्राम पंचायत के गांव के देव स्थानों पर विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया है.

# घरों के पास पानी जमा होने से मौसमी बीमारियों का खतरा

**मलेरिया व डेंगू कर सकता है बीमार**

**आंखों में खुजली की होती है समस्या**

**नवभारत न्यूज**

**रायसेन, 10 जुलाई. बरसात में मलेरिया व डेगू रोग भी फैलता है. जिसमें मरीज को ठंड के साथ बुखार आता है.बारिश के दिनो में जलभराव हो जाता है. जिसमें मच्छर के लार्वा पैदा होते हैं. रुके हुए पानी में मिट्टी का तेल या जला हुआ आयल डालें. कूलर, फ्रिज, ट्रे आदि को सप्ताह में एक बार अवश्य साफ करें. सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें.**



मानसून के दौरान बहुत से लोगों को आंखो के रोग हो जाते हैं. आंखो में खुजली एवं आखे लाल और चिपचीपी हो जाती हैं. सफेद और पीले रंग का पदार्थ जमा हो जाता है. इस रोग को आई फ्लू, कंजक्टिवाईटिस या आंखें आने के रूप में जाना जाता है.कंजेक्टिवाइटिस का संक्रमण आपसी संपर्क के कारण फैलता है. इस रोग का वायरस संक्रमित मरीज के उपयोग की किसी भी वस्तु जैसे रूमाल, तौलिया, टॉयलेट के दरवाजे का हैंडल, टेलीफोन के रिसीवर से दूसरों तक पहुंचता है. कम्प्यूटर का की बोर्ड भी इसे फैलाने में सबसे बड़ा सहायक साबित होता है. आंखें आने पर बार-बार अपने हाथ एवं चेहरे को ठंडे पानी से धोएं. परिवार के सभी सदस्य अलग-अलग तौलिए एवं रूमाल का उपयोग करें. स्वच्छ पानी का उपयोग करें. बार-बार आंखों को हाथ ना लगाएं धूप के चश्मे का प्रयोग करें और चिकित्सक से परामर्श लें. कुछ भी खाने के पहले व शौच के बाद साबुन से हाथ अवश्य धोएं.

### सीएमएचओ ने दिए कई निर्देश, बचाव के बताए तरीके

सीएमएचओ डॉ एचएन मांडरे ने बताया कि बरसात के सीजन में होने वाली बीमारियों को लेकर हेल्थ एक्सपर्ट द्वारा जरूरी जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है.मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मांडरे ने एडवाइजरी जारी किया है. उन्होंने खानपान पर विशेष सावधानी बरतने के साथ ही कहा कि घरों के आसपास पानी जमा न होने दें, इससे बीमारियां फैलती हैं. इस सीजन में पानी उबालकर पिएं.



# वामन घाट पर बनेगा केवट मंदिर

## नपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने किया भूमिपूजन

**रायसेन.** शहर के मिश्र तालाब के वामन घाट पर रैकवार नाविक मल्लाह समाज की मांग पर बनेगा केवट मंदिर. बुधवार को दोपहर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि जमुना सेन समाज के अध्यक्ष सीताराम रैकवार वरिष्ठ सदस्य अशोक मांझी की मौजूदगी में आषाढ़ी पूजन के अलावा आराध्य देव केवट मंदिर निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया.

इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष शिक्षक सीताराम रैकवार ने बताया कि लंबे समय से समाज के लोग हमारे इष्टदेव केवट के मंदिर निर्माण की मांग करते चले आ रहे हैं. उन्होंने भाजपा विधायक सांसद से मंदिर निर्माण कराए जाने की पुरजोर मांग भी करेंगे. उम्मीद है कि हमारे क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के भरपूर सहयोग आशीर्वाद से केवट मंदिर निर्माण की निधि मिल जाएगी.

# गोदाम में यूरिया-डीएपी खाद खत्म, किसान परेशान

**रायसेन. शहर के भोपाल रोड़ स्थित संजय नगर जिला विपणन विभाग की खाद गोदाम में यूरिया, डीएपी अन्य खाद का स्टॉक खत्म हो गया है. जिससे किसान खाद के लिए खाद गोदाम के चक्कर लगाने के लिए विवश हैं. सुबह से दोपहर तक बैरंग लौटने पर मजबूरी में बाजार की खाद दुकानों से महंगे दामों में उर्वरक खरीदने के लिए मजबूर हैं.**



**बदल रहे बार बार नियम:** ग्राम कानपोहरा के उन्नतशील किसान शेर सिंह लोधी ने बताया कल एक एकड़ पर एक बोरी खाद का नियम लगाया था. मैं कल भी दिन भर खाद के लिए खड़ा रहा. आज यह बोल रहे हैं कि जिसके नाम का आधार है उसी को खाद दे सकेंगे. जमीन माता-पिता भाई के नाम है, वे बुजुर्ग है उन्हें कैसे लाए.

ग्राम हक़ीमखेड़ी के सरपंच प्रतिनिधि तौफीक खान ने बताया कि सुबह 8 बजे डीएमओ कार्यालय खाद लेने आया था. यहां लाइन में लगने के दो घंटे बात पता चला की यूरिया खत्म हो गया है.

**दो दिन से खाद के लिए परेशान:** ग्राम सेंडोरा निवासी मोहर सिंह का कहना है कि दो दिन से खाद के लिए परेशान होना पड़ रहा है. यूरिया नहीं मिल रहा है, डीएपी के लिए भी लाइन लग रही है.

**इनका कहना है.....**

कल विदिशा स्टेशन पर ट्रेन से यूरिया खाद की रैक रायसेन गोदाम पहुंचेगी .परसों डीएपी और एनपीके खाद की रैक आएगी. खाद आने के बाद किसानों को पहले आओ पहले आओ की तर्ज पर खाद वितरण की जाएगी.

**नीरज भार्गव, डीएमओ, जिला विपणन रायसेन**

# दो कारों की भिड़ंत में रिटायर्ड एसडीओपी की मौत, 4 घायल

## गंभीर घायलों को रायसेन और भोपाल किया रेफर

**रायसेन, 10 जुलाई. जिला मुख्यालय से 105 किलोमीटर दूर सिलवानी थाना अंतर्गत सिलवानी सियरमऊ रोड पर सिंहपुरी के पास दो कारों की आमना सामने हुई भिड़ंत में 4 कार चालक गंभीर रूप से घायल हुए जबकि रिक्कायर्ड एसडीओपी की घटना स्थल पर मौत हो गई.**

एसडीओपी अनिल मौर्य ने बताया कि गुरुवार की दोपहर करीब 3 बजे सागर से उदयपुरा के पास नर्मदा नदी के बोरास घाट पर स्नान करने के लिए अपने पुत्र राहुल मिश्रा 26 वर्ष के साथ जा रहे रिटायर्ड डीएसपी अभिमन्यु मिश्र 67 वर्ष की कार भोपाल की ओर से सागर जा रही थी, वहीं एक टैक्सी कार से रेलवे का एक रिटायर्ड सागर जा रहा था, तभी दोनों वाहन आमने-सामने भिड़ंत हो गई. जिसमें रिटायर्ड एसडीओपी अभिमन्यु मिश्रा की घटना स्थल पर ही मौत हो गई. जबकि उनके पुत्र राहुल मिश्रा गंभीर रूप से घायल हो गए. जिनकी स्थिति नाजुक होने के कारण उन्हें भोपाल रेफर किया गया है. दूसरी कार में सवार दोनों घायलों को जिला अस्पताल रायसेन रेफर किया गया है. मृतक रिटायर्ड एसडीओपी मिश्रा सिलवानी में पदस्थ रेंजर आदर्श मिश्रा के बड़े पिता थे. उन्हें उनसे मिलकर नर्मदा नदी बोरास घाट जाना था. पुलिस ने मामला दर्जकर जांच में लिया है.



## ट्रक से भिड़ी पिकअप, ड्राइवर वाहन में फंसा

**सिलवानी 10 जुलाई.** सिलवानी-सियरमऊ रोड पर मंगलवार सुबह बड़ा हादसा हो गया. सियरमऊ की ओर से आ रही एक पिकअप के ब्रेक अचानक फेल हो गए और वह अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे ट्रक से जा भिड़ी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप ड्राइवर वाहन में ही फंस गया. उसे निकालने में पुलिस और स्थानीय लोगों को खासी मशक्कत करनी पड़ी.हादसे की सूचना मिलते ही डायल 100 पुलिस मौके पर पहुंची. टोल प्लाजा की एम्बुलेंस बुलाई गई और घायलों को तत्काल सिविल अस्पताल भेजा गया.


**संवाद**

**महिला प्रतिनिधियों ने साझा किये अपने अनुभव, प्रदेश की विभिन्न पैक्स के कार्यकर्ताओं को मिली सराहना**

# केंद्रीय मंत्री शाह का सलामतपुर के सहकारी कार्यकर्ताओं से संवाद

**अदनान खान**

**सलामतपुर, 10 जुलाई. केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहकारिता मंत्रालय के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर गुजरात के आणंद में अमूल एवं नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड (एनडीडीबी) के विविध विकास कार्यों का शुभारंभ किया. इस अवसर पर देशभर से आये सहकारी समितियों के सदस्यों, विशेषकर महिला प्रतिनिधियों से संवाद कर सहकारिता के क्षेत्र में उनके योगदान को सराहा. इसमें रायसेन सहित मध्यप्रदेश की विभिन्न पैक्स (प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों) के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और अपने अनुभव साझा किए, जिस पर उन्हें सराहना मिली.**



**सलामतपुर के कुंवर सिंह दांगी-नेपियर घास से बढ़ी आमदनी:** केंद्रीय मंत्री शाह को रायसेन जिले की सलामतपुर पैक्स के प्रबंधक कुंवर सिंह दांगी ने बताया कि उनकी समिति ने 50 एकड़ क्षेत्र में नेपियर घास की खेती प्रारंभ की है, जिससे किसानों को प्रति एकड़ 1 लाख तक का लाभ प्राप्त हो रहा है. उन्होंने बताया कि संस्था का मशरूम वर्ल्ड कंपनी से टाईअप भी हुआ है. मंत्री ने पैक्स के बायलॉज में किए गए संशोधन का उल्लेख करते हुए उन्हें जिला सहकारी बैंक के निरीक्षक से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर नई गतिविधियों को जोडने की सलाह दी. श्री दांगी ने बताया कि उनकी समिति प्रधानमंत्री अन्न भंडारण योजना के अंतर्गत 2 एकड़ भूमि पर 3000 टन क्षमता का वेयरहाउस स्थापित करने की दिशा में कार्य कर रही है.

**पैक्स को बहुआयामी संस्था में रूपांतरित करने का आह्वान:** कार्यक्रम के समापन पर केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि पैक्स को केवल खाद या बीज वितरण तक सीमित न रखें. उन्हें खाली जमीन का उपयोग, मशीन किराये पर देना, जनऔषधि केंद्र का संचालन, और नई कृषि तकनीकों का प्रयोग करते हुए गांवों को आत्मनिर्भर बनाना चाहिए.

### सहकारिता आंदोलन को गति देने की दिशा में ऐतिहासिक कदम

केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि देश में दो लाख नई पैक्स का गठन किया जाएगा, जो उत्पादन, अनाज विक्रय और ग्रामीण सेवा वितरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगी. साथ ही, एक राष्ट्रीय सहकारी विश्वविद्यालय तथा तीन नई डेयरी आधारित सहकारी समितियाँ स्थापित की जाएंगी, जिससे सहकारिता क्षेत्र को शिक्षित, संगठित और व्यावसायिक रूप से सक्षम बनाया जा सकेगा.



# जीतू पटवारी पर एफआइआर के विरोध में न्याय सत्याग्रह

**रायसेन. रायसेन जिले से भारी तादाद में जीतू पटवारी के खिलाफ झूठी एफआइआर के विरोध अशोकनगर में आयोजित न्याय सत्याग्रह आंदोलन में हिस्सा लेने पहुंचे.**

यह कांग्रेसियों द्वारा विरोध प्रदर्शन कर जेल भरो आंदोलन में गिरफ्तारियां दीं. सिलवानी के कांग्रेस विधायक देवेंद्र पटेल, राजेन्द्र तोमर वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ जीसी गौतम, रामबाबू लोधी हर्षवर्धन सोलंकी हेमंत विश्वकर्मा आदि ने कहा कि सरकार और स्थानीय प्रशासन पुलिस पर दमनकारी नीतियां अपनाने का आरोप लगाया .उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी अब किसी तरह का जुल्म मनमानी और तानाशाही बर्दाश्त नहीं करेगी.